जवाहरलाल नेहरु कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग

प्रेषक :
सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी

क्रमांक 167
दिनांक 11.10.2019

कृषि विवि में बी.एस.सी. (कृषि) 1975 बैच के छात्रों की दो दिनी एल्युमनी मीट 12–13 को देश–विदेश के छात्र होंगे सम्मलित

जबलपुर, 11 अक्टूबर। बी.एस.सी. (कृषि) 1975 बेच के भूतपूर्व छात्रों की 40 वर्ष बाद ''एल्मुनी मोट–2019'' कृषि महाविद्यालय, जबलपुर में आगामी 12 एवं 13 अक्टूबर को आयोजित है। इस एल्मुनी मीट में नेपाल, मणीपुर, छत्तीसगढ़, उड़ीसा, गुजरात एवं अन्य प्रांतों से 40 परिवार जबलपुर पहुँच रहे हैं। सभी भूतपूर्व छात्र अपने शिक्षकों से एवं कृषि महाविद्यालय में अपनी पुरानी कक्षाओं में बैठकर एवं परिसर में घूमकर अपनी पुरानी यादें ताजा करेंगे। इस अवसर पर 12 अक्टूबर को बॉयोफर्टिलाईजर भवन, कृषि नगर कालोनी, अधारताल में सुबह 10 बजे परिचय सत्र प्रारंभ होगा जिसमें दूर–दराज से आये भूतपूर्व छात्र एवं उनके परिवार के सदस्यगण आपस में परिचर्चित होंगे तथा 12 बजे शिक्षक सम्मान समरोह आयोजित किया गया है, जिसके मुख्य अतिथि जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. प्रदीप कुमार बिसेन होंगे। इसके अलावा 13 अक्टूबर को जबलपुर के आसपास के पर्यटन स्थलों जैसे–बरगी डैम एवं भेड़ाघाट में क्ज व नौका विहार का आनंद लेंगे।

–000–